संक्षिप्त

सैनी का सम्मान किया

श्रीमाधोपुर ।अखिल भारतीय माली सैनी विचार संगम संस्थान एवं राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा संयुक्त द्वारा लक्ष्मी नारायण सैनी पुत्र किशनाराम सैनी ढाणी ढायवाली ग्राम लसाडिया श्रीमाधोपुर सीकर को संस्कृत शिक्षा विभाग से प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्ति पर समाज के लोगों द्वारा अभिनंदन प्रमाण पत्र ,साफा व माला पहनकर स्वागत किया गया एवं समाज के द्वारा उनके कार्यकाल की प्रशंसा गौरवमय, गुणवत्तापूर्ण, सराहनीय उपलब्धियां से परिपूर्ण रही इसके लिए समाज के लोगों ने उनके स्वस्थ दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सम्मान किया गया ।इस मौके पर राष्ट्रीय उपकोषाध्यक्ष पूरणमल सैनी अखिल भारतीय माली सैनी विचार संगम संस्थान, रुडमल सैनी मंत्री, मोहनलाल सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजेंद्र कुमार सैनी सीकर जिला अध्यक्ष राजस्थान प्रदेश माली महासभा श्रीमाधोपुर ,नेता प्रतिपक्ष नंदकिशोर सैनी, पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी, पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी साधु राम सैनी, तहसील अध्यक्ष रामनाथ सैनी, लाल बहादुर सैनी छीलावाली, महेंद्र खडोलिया, भगवान सहाय सैनी आदि ने सैनी का सम्मान कर स्वागत किया। इस मौके पर शिवनारायण सैनी, टिकुराम सैनी, बलदेव सैनी व बस्सी जयपुर से आए सैनी समाज के लोग उपस्थित थे।

चयनित विद्यार्थी सम्मानित

टोंक । एससीजीसीआई फाउण्डेशन टोंक द्वारा नीट एवं आई.आई.टी-2025 में चयनित प्रतिभावान विद्यार्थियों का साफा, दुपट्टा व मेडल पहनाकर सम्मान किया। संस्था के कॉर्डिनेटर अभिषेक कुमार शर्मा ने बताया कि नीट-2025 में संस्था के विद्यार्थी आकाश सैनी, अंकुश चौधरी, गोविन्द धाकड तथा आई.आई.टी 2025 में चयनित ऋषिकेश मीणा का हर्षोल्लास के साथ सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यार्थी आकाश सैनी ने बताया कि मेरे बड़े भाई लोकेश सैनी एवं संजय सैनी का भी एस.सी.जी.सी.आई. से कक्षा 12वीं उर्तीण करने के पश्चात् नीट में चयन हुआ। शर्मा ने बताया कि संस्था में विद्यार्थियों को विषयों का गहराई से अध्ययन करवाकर विषयों की सभी अवधारणओं को समझाया जाता है, संस्था के विशेष शैक्षणिक, तकनीक के कारण ही हर वर्ष यहाँ के विद्यार्थी कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उच्चतम प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए नीट तथा आई.आई.टी. में चयनित होते आ रहे है।

स्वामी टेऊराम महाराज की पूजा

निवाई। सिंधी धर्मशाला में सतनाम साक्षी परिवार के तत्वावधान में आचार्य सतगुरु स्वामी टेऊराम महाराज का 139 वां जन्मोत्सव को लेकर कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। सतनाम साक्षी परिवार के हेमंतदास फुलवानी ने बताया की कार्यक्रम को लेकर सदगुरु महाराज की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक करके पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान सत्संग बहराना साहब व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, पार्षद राजकुमार करनानी, विष्णु फुलवानी, दिलीप दासवानी, लक्ष्मण डासवानी, घनश्याम निभानी, वासुदेव चंदलानी, शीतलदास फुलवानी, शीतल इसरानी, बलराम रामानी, ताराचंद कीर्तनी, राजकुमार केसवानी, गरिमा नानकानी, महेन्द्र मेठवानी, रेशु दासवानी, सुनीता मोटवानी व नीता फुलवानी सहित श्री श्याम सेवक परिवार, सिंधी नवयुवक मंडल व सिंधी समाज महिला मंडल के कई पदाधिकारी व समाज के कई लोग मौजूद थे।

कराणा में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, पंचायत ने 4 मकान और 14 दुकानें ध्वस्त की

नारायणपुर । उपखंड क्षेत्र की कराणा ग्राम पंचायत में सोमवार को अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई ठााम पंचायत द्वारा मैन बस स्टैंड क्षेत्र में की गई, जहां एमडीआर सड़क 228 पर जेसीबी मशीनों की मदद से पक्के निर्माणों को ध्वस्त कर सड़क मार्ग को चौड़ा किया गया।

इस दौरान स्टैंड के समीप स्थित गैर मुमकिन बावड़ी की करीब 13 एयर जमीन पर बने चार पक्के मकान और 14 दुकानों को तोड़ते हुए जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसके साथ ही पंचायत द्वारा सरकारी स्कूल से पावटा रोड तक सड़क के मध्य से 17-17 फीट तक तथा मुख्य स्टैंड से सीएचसी कोटपुतली रोड तक 20-20 फीट तक अतिक्रमण हटाया गया। सरपंच देवीसिंह शेखावत ने जानकारी दी कि एमडीआर-228 पर लंबे समय से अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं, जिसे गंभीरता से लेते हुए सोमवार सुबह 9 बजे से आबादी क्षेत्र में कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 8 जेसीबी मशीन और 10 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगाई गई। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तहसीलदार अनिल कुमार को मौके पर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया।

वहीं बासदयाल थाना प्रभारी प्रदीप सिंह के नेतृत्व में महिला कालिका यूनिट समेत 40 पुलिसकर्मियों का जाप्ता मौके पर मौजूद रहा। अभियान के दौरान गाँव के बाहर से ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया ताकि कार्रवाई में कोई व्यवधान न आए। इस अवसर पर कानूनगों अशोक कुमार, ठााम विकास अधिकारी कमल कुमार शर्मा, जेईएन राकेश यादव, पटवारी सुरेन्द्र सिंह, नरेंद्र यादव, नरेंद्र मीणा, हैड कांस्टेबल अमर सिंह, कांस्टेबल शंकर स्वामी सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

कराणा ग्राम पंचायत में प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया।

- अभियान के दौरान गांव के बाहर से ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया ताकि कार्रवाई में कोई व्यवधान न आए।
- चार पक्के मकान और 14 दुकानों को तोड़ते हुए जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया

भाजपा का 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण

पावटा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं प्रदेश मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आज मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम व देव दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत क्षेत्र में बड़ी संख्या में पेड़ लगाये जायेंगे व देव दर्शन कर क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए कामना की जाएगी।

इस दौरान प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, प्रमोद सैनी त्रिवेणी मंडल अध्यक्ष एवं महेश कुमार यादव बाणगंगा मंडल अध्यक्ष, विकास शर्मा विराटनगर मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने बताया कि भाजपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आ ान पर विधायक कुलदीप धनकड के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संकल्पित हैं।

जैसे जन्मदात्री मां बच्चे को जन्म देती है, पालन पोषण करती है। वैसे ही धरती मां भी हम सबका पालन-पोषण करती है। धरती को हरा-भरा बनाना व बंजर होने से बचाना जीवमात्र के कल्याण के लिए जरूरी है। भाजपा कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। इन्हें समाज के अन्य समस्याओं की भी चिंता रहती है। भाजपा कार्यकर्ता देश के लिए जीता और मरता है। कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के बिना विकसित भारत का संकल्प अधूरा होगा।

आज क्षेत्र के सभी नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में पौधरोपण करेंगे। वही विधायक कुलदीप धनकड क्षेत्र के श्री 1008 पीठाधीश्वर छितर दास महाराज खोरा आश्रम, श्रवण दास महाराज अन्नदाता धाम हरिकिशनपुरा, जानकीदास महाराज आश्रम पालवाले मंदिर नवरंगपुरा, श्री गणेश जी मंदिर विराटनगर, श्री श्री 1008 बाबा मस्तनाथ महाराज दत्त टेकडी छीतौली, श्याम मंदिर जयसिंहपुरा, श्री श्री 1008 बजरंगदास महाराज कारोली, देवनारायण व हीरामल बाबा मंडा, श्री श्री 1008 गोपाल दास जी महाराज मंदिर भांकरी, श्री श्री 1008 बाबा बालकनाथ महाराज बावड़ी, टीलाजी महाराज खेलना, झिडा वाले बालाजी महाराज मंदिर बजरंगपुरा, लील का धाम आंतेला, श्री श्री 1008 खेम जी महाराज मंदिर जसवंतपुरा, परम पूज्य संत श्री नारायण दास महाराज तपोस्थली में देव दर्शन कर क्षेत्र की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना करेंगे।

स्टील व कटर प्रेस कारखाने व दुकान से लाखों का सामान चोरी

पावटा। कस्बा पावटा स्थित होटल होली डे फन के पास ने एक स्टील व कटर प्रेस कारखाने को निशाना बनाया। ताला तोड़कर वेल्डिंग मशीनें, कैलेंडर कटर, हेमर ड्रिल सहित कॉपर वायर व औजार समेत लाखों रुपए का सामान चुरा लिया। प्रागपुरा थाना पुलिस को अज्ञात चोरों के केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कारखाने मालिक मोहम्मद रहीस खान निवासी पावटा व दुकान मालिक नवाब खान निवासी पावटा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात के समय में अज्ञात चोरों ने फैक्ट्री में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सुबह जब कारखाना खोलने मेंरा बेटा आदिल खान पहुंचा तो कारखाने के पीछे की दीवार टूटी हुई था। वही दुकान की भी पीछे की दीवार टूटी हुई थी। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ व गायब था। पुत्र आदिल खान ने फोन करके सूचना दी कि कारखाने व दुकान में में चोरी हुई है। जहां मौके पर आकर प्रागपुरा थाना पुलिस को सूचित किया गया। प्रागपुरा थाना पुलिस ने आकर मौका मुवायना किया। कारखाने मालिक मोहम्मद रहीस खान निवासी पावटा व दुकान मालिक नवाब खान निवासी पावटा ने बताया कि उनके कारखाने व दुकान से करीब दो लाख रुपए का सामान जिसमें कारखाने से 4 छोटी वेल्डिंग मशीन, 8 कॉपर लीड 5 इंच की, 2 ग्लैंडर 4 इंच के, 2 ग्लैंडर, 2 हेमर मशीन, 4 कट्टा गजन पिन, 3 छोटी सेल्फ स्क्रू मशीन, 2 छोटी ड्रिल मशीन सहित लोहे का छोटा मोटा सामान व दुकान से 2 वेल्डिंग मशीन, 4 वेल्डिंग लीड, 1ग्लैंडर 4 इंची का, 2 हेमर मशीन, 5 इंची ग्लैंडर एक नग सहित लोहे का छोटा मोटा सामान चोरी हुआ है। रविवार की रात को एक से दो बजे बीच में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। जाते जाते चोर एलईडी तोड़ सीसीटीवी हार्ड डिस्क भी चुरा ले गए। फिलहाल प्रागपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश कर रही है। वही पुलिस की सुस्त रवैए से चोरों के हौसले बुलंद हैं।

- ताला तोड़कर अंदर चोर घुसे
- मशीनें, कॉपर वायर सहित औजार भी लेकर फरार

कारखाने में चोरी का पुलिस दल ने मौका मुवायना किया।

कार्यकारिणी का सम्मान

निवाई। खणदेवत रोड पर स्थित तिवाड़ी पैलेस पर भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रमाकान्त शर्मा, जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह नाथावत, जिला उपाध्यक्ष ममता जाट, शहर मंडल उपाध्यक्ष नगेंद्रसिंह व शहर मंत्री जितेंद्र विजय का माला व साफा पहना कर सम्मान किया गया। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रमाकान्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा देश व प्रदेश के हर क्षेत्र में चौमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की मंशा है कि सरकारी योजनाओं का प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिले।

349 स्थानों पर दबिश देकर 245 बदमाश पकड़े

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये गये वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं एरिया डॉमिनेशन के संबंध में एक दिवसीय विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक बृजेन्द्र सिंह भाटी व अति. पुलिस अधीक्षक मालपुरा मोटाराम बेनिवाल के नेतृत्व में जिले के वृताधिकारियों के सुपरविजन में समस्त जिले के थानाधिकारीगण द्वारा विशेष टीमें गठित कर विभिन्न स्थानों पर दबिश और धरपकड की कार्यवाही के दौरान 93 टीमों ने 349 जगहों पर दबिश देकर इस अभियान में कुल 245 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस अभियान में लॉकल और स्पेशल एक्ट में 31 मामले दर्ज हुए, जिसमें 28 आरोपी गिरफ्तार किए गए तथा आर्म्स एक्ट में 4 आरोपी पकड़े गए। इसी प्रकार एक देशी कट्टा, एक 12 बोर बंदूक, 16 कारतूस और 2 धारदार हथियार जब्त किए गए एवं एमएमआरडी एक्ट में 5 केस दर्ज हुए जिसमें सें 2 आरोपी गिरफ्तार हुए तथा एक डंपर, एक ट्रेलर व तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित 64 टन अवैध बजरी जब्त की गई। इसी प्रकार एक्साइज एक्ट में 9 आरोपी पकड़े गए तथा 83.24 लीटर अवैध शराब जब्त की गई तथा 5 वारंटीयो को भी गिरफ्तार किया गया है एवं अन्य एक्ट में 12 आरोपी गिरफ्तार हुए है। इसी प्रकार 11 टेप मशीन और 380 रुपए की जुआ राशि जब्त की गई है तथा जघन्य अपराधों में वांछित 2 आरोपी भी पकड़े गए हैं, इस अभियान में 25 गिरफ्तारी वारंटों का निस्तारण किया गया एवं एक इनामी अपराधी को भी पकढा गया है।

- 93 टीमों ने 349 जगहों पर दबिश देकर इस अभियान में कुल 245 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

कलश यात्रा कल

निवाई। मनोहरपुरा भेरुजी का बासड़ा में स्थित श्री बालाजी महाराज मंदिर, भौमिया जी एवं गुरु महाराज के स्थान पर बुधवार से महामंडलेश्वर नागापागलदास महाराज वाटिका के सानिध्य में विशाल 11 कुण्डीय नवदिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु श्याम शर्मा ने बताया कि नवदिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक साध्वी अन्नपूर्णा शास्त्री वृंदावन द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार भजन सम्राट मि-ू बना सूर्या द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी एवं यज्ञाचार्य पंडित कुलदीप वेदिक जयपुर के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोचारण के साथ यज्ञ में आहुतियां दी जाएगी। उन्होंने बताया कि महायज्ञ को लेकर बुधवार को विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी।

स्टॉप डायरिया अभियान आज से

कोटपूतली। चिकित्सा विभाग की ओर से शिशु स्वास्थ्य और बच्चों में डायरिया से बचाव के उद्देश्य से जिले में स्टॉप डायरिया कैंपेन 2025 का आयोजन किया जायेगा। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि यह कैंपेन 01 जुलाई से शुरू होगा और 15 अगस्त तक चलेगा। मानसून के मौसम में बच्चों में होने वाले दस्त से निपटने के लिये यह एक पहल है। इस कैंपन के दौरान ओआरएस और जिंक के उपयोग को बढ़ावा देने, स्वच्छता प्रथाओं में सुधार लाने और दस्त प्रबंधन के बारे में लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जायेगा। इसमें पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ओआरएस और जिंक वितरित करना, ओआरएस-जिंक कॉर्नर स्थापित करना और स्वास्थ्य शिक्षा सत्र आयोजित करना शामिल है। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. जय भगवान यादव ने बताया की आशा और एएनएम कार्यकर्ता द्वारा पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ओआरएस और जिंक की गोलियां वितरित की जायेगी तथा सभी चिकित्सा संस्थानों पर ओआरएस-जिंक कॉर्नर स्थापित किये जायेगें। जिसमें आंगनवाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य सुविधाओं में ओआरएस की उचित तैयारी के प्रदर्शन के बारे में बताया जायेगा।

कलेक्टर ने शिविर का निरीक्षण किया

टोंक। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत ग्राम पंचायतवार कैंपों का आयोजन किया जा रहा है, जिस दौरान सोमवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने उपखंड देवली की ग्राम पंचायत निवारिया एवं नगरफोर्ट में आयोजित अंत्योदय संबल शिविर का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं के स्थायी समाधान के निर्देश दिए। शिविर में पहुंचने पर जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्मिकों से मौके पर करवाये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीना से शिविर की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकाधिक पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही, संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार एक भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। इस दौरान शिविर में देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, प्रधान बनवारी लाल जाट ने ग्रामीणों को आवासीय पट्टे सौंपे एवं सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया। इस दौरान देवली उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा ने जिला कलेक्टर को अब तक की प्रगति से अवगत करवाते हुए बताया कि शिविर में राजस्व प्रकरण जैसे पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के प्रकरणों एवं आपसी सहमति से बंटवारे का निस्तारण करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा आमजन से जुड़े कार्य संपादित किए जा रहे हैं। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सोमवार को बीसलपुर बांध का निरीक्षण किया।

- कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने उपखंड देवली की ग्राम पंचायत निवारिया एवं नगरफोर्ट में आयोजित अंत्योदय संबल शिविर का निरीक्षण किया

फायरिंग के 4 आरोपी गिरफ्तार

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती हरसौरा थाना पुलिस ने शराब ठेकेदार सुनील उर्फ टूल्ली की हत्या के मामले गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस की टीम पर फायरिंग करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी प्रकाश सिंह राठौड के अनुसार, 27 जून को रात 11.30 बजे हरसौरा थाना क्षेत्र के हमीरपुर में शराब ठेकेदार की हत्या के बाद बानसूर थाना पुलिस आरोपियों को पकड़ने पहुंची थी। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में 13 राउंड फायर किए। जिसमें तीन बदमाश गोली लगने से घायल हो गए थे । एक बदमाश भागते समय घायल हो गया। सभी घायलों का कोटपुतली जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था। जिनको सोमवार को हरसौरा पुलिस जिला अस्पताल कोटपुतली से हरसौरा थाना लेकर पहुंची। गिरफ्तार आरोपियों में मनीष गुर्जर पुत्र कालूराम गुर्जर नीमकाथाना हाल निवासी बानसूर,मनोज पुत्र सुभाष मीणा नारायणपुर रोड बानसूर, पवन सैनी पुत्र हेमराज सैनी नाइयों की बगीची बानसूर और अखिल सैनी पुत्र विनोद कुमार सैनी नोन्दा वाली बानसूर शामिल हैं। हरसौरा पुलिस ने चारों बदमाशों को कोटपुतली जिला अस्पताल से हिरासत में ले लिया है।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का अलवर में कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन, उत्तम स्वास्थ्य की कामना की

अलवर। केंद्रीय मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनकी दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए । जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि सोमवार को केंद्रीय मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगन्नाथ मंदिर में हवन व पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया इसके उपरांत सायं 4.30 बजे काला कुआं स्थित वेंकटेश बालाजी दिव्य धाम मंदिर में पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित हुआ। सभी कार्यकर्ताओं ने सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के लिए लंबी उम्र व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की, व प्रभु से प्रार्थना की व जीवन में सदैव और प्रगति करें। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, मंत्री ऋषिराज शर्मा, प्रवक्ता नरेश धानावत, जितेंद्र शर्मा,जितेंद्र गोयल, कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष तरुण जैन,प्रमोद विजय, मंडल अध्यक्ष महेश निहलवानी,बबलू गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा,महेश मीणा, राजेंद्र सैनी, आनंद बेनीवाल, धर्मवीर जाटव, शशि तिवारी, हेतराम यादव, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव, लखन जोशी ,मयंक खंडेलवाल, जिला महामंत्री मोहन चौहान ,बलराम यादव, प्रशांत यादव, प्रवेश जैन , अजय शर्मा, निरंजन निधेडिया, सौरभ गुप्ता, खेमेंद्र बेनीवाल, श्याम लाल जाट, ललित शर्मा, सुनील शर्मा, पुष्पेंद्र पवार, भूपेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- मंदिर में हवन-यज्ञ हुआ, गौशाला में गायों को खिलाया चारा, अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए

अलवर में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के जन्मदिन पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य किया।

सार-समाचार

भाजपा कार्यकारिणी में कई नाम गौण

सांभरझील, (निसं)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड व जयपुर देहात दक्षिण के जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर के निर्देशानुसार सांभर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार मोदी ने आज अपनी नवीन कार्यकारिणी घोषित कर दी है। हालाकि सूची में कई पूर्व पदाधिकारीयों को शामिल नहीं किया गया, तो कईयों को दरकिनार तक कर दिया गया। इसका मतलब भाजपा में अंदरुनी रूप से सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुडे कई वरिष्ठ जिनकी लंबे समय से मनभेद और मतभेद के चलते दूरी बताई जा रही है, उनकी कई सालों से नाराजगी दूर तक नहीं की गई है और न ही उन्हें तवज्जो दी गई है। हालांकि इससे पहले जिनके पास जिम्मेदारी थी उन्होंने भी ऐसी कोई कवायद नहीं की, कि भारतीय जनता पार्टी के सभी पुराने चेहरों को एक साथ मंच पर ला सके। खुले तौर पर पिछली दफा चुनाव में भाजपा से बगावत पर उतरे एक को पद देकर सुशोभित किया गया है। सूची में 60 कार्यकर्ताओं को जिनमें कई पूर्व पदाधिकारी भी रह चुके हैं, को सदस्य के रूप में दर्शाया गया है। नवीन कार्यकारिणी में एक साथ 6 जनों को उपाध्यक्ष, 6 को मंत्री बनाकर कुछ हद तक खुश करने का प्रयास किया है। उपाध्यक्ष के पद पर प्रमुख रूप से तीन दफा पार्षद का चुनाव जीत चुके पार्षद धर्मेंद्र जोपट, पूर्व महामंत्री नंदकिशोर कुमावत पट्टी कातला वाले, कमला खारडिया, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष विजय प्रजापत, गोपाल गोयल, अशोक कयाल तथा मंत्री के रूप में मनोज पारीक, नारायण सबनानी, सोनाली पाराशर, पार्षद सुशीला शर्मा, पुष्पा बंजारा, चंद्रप्रकाश माली के अलावा कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी प्रेम कुमार शर्मा को दी गई है। महामंत्री के पद पर उपेंद्र कुमार व राजेश पारीक को नियुक्त किया गया है। कयास तो यह भी लगाया जा रहा है कि जिनको अभी सूची में स्थान नहीं मिला है उन्हें संरक्षक के रूप में शामिल किया जा सकता है। बताया तो यह भी जा रहा है कि पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए युवाओं को प्राथमिकता दिया जाना इसका प्रमुख कारण है।

आबकारी पुलिसकर्मी को भावभीनी विदाई

पावटा। कस्बे के आबकारी थाना प्रागपुरा में एक्साइज कॉस्टेबल भूपसिंह यादव के सेवानिवृत्त होने पर थाने के जमादार पदम सिंह शेखावत के नेतृत्व में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जमादार पदम सिंह शेखावत समेत अन्य स्टाफ कर्मियों ने भूपसिंह यादव को अंग वस्त्र देकर भावभीनी विदाई दी। जमादार पदम सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त होना सरकारी नौकरी में एक प्रक्रिया है और सभी को अपने सेवाकाल में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने भूपसिंह के सेवाकाल की सराहना की और उनके अनुभवों को भविष्य में भी उपयोगी बताया। सीआई प्रियंका मीणा ने सेवानिवृत्त हुए भूपसिंह को उनके सेवाकाल पूर्ण करने पर बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने भूपसिंह को भविष्य में किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ने पर सहायता का विश्वास दिलाया। एईओं कुलभूषण शर्मा एक वरिष्ठ और अनुभवी अधिकारी हैं, जिन्होंने अपने सेवाकाल में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। वह अपने नेतृत्व कौशल और प्रशासनिक क्षमता के लिए जाने जाते हैं। एईओं कुलभूषण की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को ओर भी शानदार बनाया। इस मौके पर स्टाफ कर्मियों और ठाामीणों ने फूल माला पहना कर भूपसिंह का अभिनंदन किया और गाजे-बाजे के साथ उन्हें थाने से विदा किया। एएसआई जगदीश प्रसाद, एएसआई रामनिवास, लक्ष्मण सिंह, पतराम गुर्जर, संजय, महेश, श्रीनिवास, धर्मचंद यादव, हवासिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे। सभी ने भूपसिंह के साथ अपने अनुभवों को साझा किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

चिकित्सक दिवस समारोह आज

कोटपूतली। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा राजधानी जयपुर में डॉक्टर्स डे समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर चिकित्सा प्रकोष्ठ की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित होगा। राजधानी जयपुर के नारायण सिंह सर्किल स्थित तोतुका भवन में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में कोटपूतली से बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा के नेतृत्व में भाग लेगें। डॉ. अभिलाष मीणा ने बताया कि चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेषाध्यक्ष डॉ. विकास महला के नेतृत्व में आयोजित किये जा रहे उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा करेगें। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोषी व अस्थमा भवन के निदेषक डॉ. विरेन्द्र सिंह भाग लेगें। इस मौके पर कोटपूतली,बहरोड जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह राठौड समेत महासचिव कुलदीप जाट, उपाध्यक्ष अमरसिंह गुर्जर, सचिव मनीष आर्य, राजेष मीणा, त्रिलोक गुर्जर, दीपक वर्मा, जसराम वर्मा समेत कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप शर्मा, राजेष दीक्षित, कमलेष मीणा, समीर खान, हेमंत यादव. पंकज जांगिड राजकुमार मीणा. बिजेन्द्र यादव. पवन यादव. अवनीष शर्मा, कृष्ण सैनी व अशोक सैनी आदि पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई जायेगी।

अलग-अलग मामले में 10 पकड़े

निवाई। निवाई थाना पुलिस ने अपराधियों की धर पकड अभियान को लेकर अलग-अलग मामलों में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अपराधियों की धर पकड अभियान को लेकर पुलिस की पृथक-पृथक टीम गठित करके उचित दिशा निर्देशन में कार्यवाही करते हुए गठित टीमों द्वारा लगातार अलग-अलग ठिकानों पर गश्त व निगरानी करते हुए दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि नाबालिग लडकी का अपहरण के आरोपी घनश्याम गुर्जर निवासी गोरधनपुरा थाना बरोनी व पायलट गुर्जर निवासी हरिपुरा उर्फ सरिमा को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार फरार चल रहे स्थाई वारण्टी कैलाश बैरवा निवासी भरथला, उपेन्द्र करुआ निवासी एसएसईपीडब्लूई रेल्वे स्टेशन निवाई व गणेश सैनी निवासी कीर कॉलोनी निवाई को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि बीएनएसएस धारा में कादर खान निवासी सुनावई पोस्ट सैनपुरा नारम्बी जिला फिरोजाबाद उत्तरप्रदेश, बाबूलाल मीणा व कानाराम मीणा निवासी राधाकिशनपुरा हाल निवासी गुणसागर कॉलोनी अलियाबाद रोड निवाई को गिरफ्तार किया है।